तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज घेवरराम बनाम सरकार धारा 136 प्रकरण सख्या 93/2022	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
9.12.2022	राजस्व विविध प्रार्थना पत्र सख्या 93/2022 घेवरराम बनाम सरकार अन्तर्गत धारा 136 भू.राजस्व अधिनियम रेकर्ड दुरस्ती हेतु प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र पेंश किया गया जो दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी को नोटिस प्रेषित कर जॉच रिपोर्ट मंगवाई गई। बहस प्रार्थना पत्र पर सुनी गई। प्रार्थी के विद्वान अधिवक्ता अपने प्रार्थना पत्र मे तथ्यो को दोहराया गया। एवं सरहद मौजा ग्राम लूणावास ~~खास~~ कला तहसील झंवर के खसरा नम्बर 299/2 रकबा 2.4281 हैक्टर ग्राम लूणावास खारा मे मोडाराम पुत्र भोमाराम के स्थान पर भोमाराम पुत्र मोडाराम लोहार राजस्व रेकार्ड मे दर्ज करने का निवेदन किया गया। पत्रावली का अवलोकन किया गया । जिसमे तहसीलदार झवर से जबाव/मय रिपोर्ट हेतु तहरीर जारी की गई तहसीलदार झवर के पत्र कमाक/भू.अ/2022/866 दिनाक 12.12.2022 के तहत जॉच रिपोट प्राप्त हुई। जिसमे तहसीलदार द्वारा. ग्राम लूणावास ~~खास~~ कला के खसरा नम्बर 299/2 रकबा 2.4281 हैक्टर मे सयुक्त खातेदार के रूप मे दर्ज है। तहसीलदार की रिपोर्ट/अनुशषा मे मोडाराम पुत्र भोमाराम व भोमाराम पुत्र मोडाराम एक की व्यक्ति को होना बताया गया है अत– प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 के स्वीकार योग्य होने से स्वीकार किया जाता है, तहसीलदार झंवर को आदेश दिया जाता है कि ग्राम लूणावास ~~खास~~ कला के खसरा नम्बर 299/2 रकबा 2.4281 हैक्टर मे मोडाराम पुत्र भोमाराम के स्थान पर भोमाराम पुत्र मोडाराम का नाम दर्ज किया जावे। तहसीलदार झंवर को तहरीर जारी हो पत्रावली फेसल शुमार होकर दफ्तर दाखिल हो। **सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी,** **लूणी** (मुहर: सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी लूणी)	